Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◘ अंक- 117 ◘ रायपुर, गुरुवार 21 मई 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

रायपुर की खारुन नदी में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

रायपुर, 21 मई (हाईवे चैनल)। रायपुर में खारुन नदी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई है। शव पानी में काफी समय तक डूबा रहने के कारण पूरी तरह से विकृत हो चुका है, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। प्रारंभिक जांच में मृतक पुरुष की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है, जिनकी लंबाई करीब 5 फीट 6 इंच है। मृतक ने पीले रंग की टी-शर्ट और नीले रंग का लोवर पहन रखा था, लेकिन उसके पास से कोई पहचान पत्र या अन्य सामान बरामद नहीं हुआ है। घटना दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के इलाकों में पहचान की कोशिश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बंगाल के सभी मदरसों में अब अनिवार्य होगा 'वंदे मातरम्'

नई दिल्ली, 21 मई (न्यूज चैनल)। बंगाल में अब सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त मदरसों में कक्षाएं शुरू होने से पहले प्रार्थना सभा के दौरान 'वंदे मातरम्' गाना अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य के मदरसा शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में तत्काल प्रभाव से आदेश जारी किया है। अल्पसंख्यक कार्य एवं मदरसा शिक्षा विभाग के मंत्री खुदीराम टुडू ने कहा कि बंगाल में कई सरकारी स्कूल ऐसे हैं जहां संथाली भाषा में पढ़ाई होती है। जब उन स्कूलों में 'वंदे मातरम्' अनिवार्य है तो मदरसों में इसे लागू करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। मदरसा शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व के सभी आदेशों और प्रथाओं को निरस्त करते हुए राज्य के सभी सरकारी मॉडल मदरसे, सरकारी सहायता प्राप्त मदरसे, मान्यता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त मदरसे, एमएसके और एसएसके में कक्षाएं शुरू होने से पहले प्रार्थना सभा में 'वंदे मातरम्' गाना अनिवार्य किया जाता है।

सड़क हादसे में घायल पुलिस आरक्षक की मौत, एक पुलिसकर्मी समेत दो का इलाज जारी

कवर्धा, 21 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में घायल पुलिस आरक्षक रुपेश राजपूत की आज इलाज के दौरान मौत हो गई, एक पुलिसकर्मी समेत दो लोगों का इलाज जारी है। यह घटना लोहारा थाना क्षेत्र की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरक्षक रुपेश राजपूत डीएसबी शाखा में पदस्थ थे। सोमवार को अपने एक साथी आरक्षक रेखूराम धुर्वे के साथ लोहारा नगर पंचायत उपचुनाव से जुड़ी जानकारी एकत्रित करने ड्यूटी पर गए थे। ड्यूटी पूरी कर दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान लोहारा नगर पंचायत की सीमा में सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक सवार युवक भी घायल हुआ। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल आरक्षक रुपेश राजपूत को बेहतर इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया था। रायपुर के एक निजी अस्पताल तीन दिन जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ने के बाद आखिर में आरक्षक रुपेश राजपूत ने दम तोड़ दिया।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, पारले बिस्कुट और मेलोनी टॉफी की बिक्री बढ़ गई है।

चुहिया- हां जी, इसे ही तो सफल व्यापार नीति बोलते हैं..!

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

ओबीसी के लिए आरक्षित पदों पर तय सीमा से अधिक उम्मीदवारों को नियुक्ति देना गलत

बिलासपुर, 21 मई (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों पर तय सीमा से अधिक दिव्यांग उम्मीदवारों को केवल उनकी योग्यता के आधार पर नियुक्ति देना कानूनी रूप से गलत है। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार की मेरिट लिस्ट की समीक्षा कर 90 दिनों के भीतर दोबारा मेरिट लिस्ट तैयार करने कहा है।

राज्य सरकार की मेरिट लिस्ट की समीक्षा कर 90 दिनों के भीतर दोबारा तैयार करें

दरअसल, उमेश कुमार श्रीवास व अन्य ने इस मामले में याचिका दायर की थी, याचिका में कहा गया कि लोक शिक्षण संचनालय ने बीते 9 मार्च 2019 को व्याख्याता, शिक्षक और सहायक शिक्षकों के खाली पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस भर्ती में ओबीसी वर्ग के याचिकाकर्ताओं ने भी मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया था। लेकिन जब चयन समिति ने प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की तो ओबीसी केटेगरी के पदों पर 7 प्रतिशत की तय सीमा से कहीं ज्यादा दिव्यांग उम्मीदवारों को चुन लिया गया, जिससे सामान्य ओबीसी उम्मीदवारों का हक प्रभावित हुआ। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि चुनाव समिति द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया पूरी तरह गलत है। इस प्रक्रिया से सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों को समान अवसर प्राप्त नहीं होता है।

तेल गोदाम में लगी भीषण आग, 4 करोड़ का नुकसान

बलौदाबाजार, 21 मई (हाईवे चैनल)। आज सुबह करीब तीन बजे लवन रोड स्थित एक गोदाम में भीषण आग लग गई जिससे गोदाम में रखे खाने का तेल पूरी तरह से जल कर स्वाहा हो गया। आग को बुझा ने के लिए रायपुर से एसडीआरएफ की टीम आई है लगभग 20 -25 फायर ब्रिगेड के। कठिनाई से आग पर काबू किया गया गोदाम का मालिक बाहर गया था सुबह कंट्रोल रूम में किसी ने जानकारी दी उसके बाद प्रशासन को जानकारी हुई और आग बुझाने की कार्रवाई हुई आग से जन मानस को चोट नहीं लगी केवल सामान का नुकसान हुआ है गोदाम पूरी तरह से खराब हो गया है लगभग 3-4 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है।

5 देशों की यात्रा से लौटे पीएम मोदी मंत्रिपरिषद की बड़ी बैठक आज

दो साल के कामकाज का पेश करेंगे रिपोर्ट कार्ड, मंत्रिमंडल में होगा फेरबदल!

नई दिल्ली, 21 मई (न्यूज चैनल)। 5 देशों की विदेश यात्रा के बाद पीएम नरेंद्र मोदी आज देश वापस आ गए हैं। मोदी कैबिनेट के दो साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज (गुरुवार) को मंत्रिपरिषद की बड़ी बैठक होगी। एक साल बाद यह बैठक हो रही है, जिसमें सभी कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और अन्य राज्य मंत्री शामिल होंगे। बैठक में सभी मंत्री अपने दो साल के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें भी तेज हैं। अंदरूनी खबर है कि पीएम मोदी 2-3 मंत्रियों के कामकाज से खुश नहीं हैं। लिहाजा मोदी मंत्रिमंडल फेरबदल संभव है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को शाम 4 बजे नई दिल्ली के 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिम एशिया संकट के बीच पीएम मोदी की अध्यक्षता में वाली बैठक पर पूरे देश की नजरें हैं। इस दौरान विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज, लिए गए प्रमुख निर्णयों और उनके परिणामों और भविष्य की योजनाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी बड़ा फैसला ले सकते हैं। माना जा रहा है कि मंत्रिपरिषद बैठक में विभिन्न मंत्रालयों और अलग-अलग विभागों के कामकाज का आकलन किया जाएगा। साथ ही हाल ही में लिए गए प्रमुख निर्णयों और उनके परिणामों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हो सकती है। विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं, उन्हें अधिकतम सफलता के लिए कैसे लागू किया जाए और अन्य विषयों की भी समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। पश्चिम एशिया संकट के बीच हो रही मंत्रिपरिषद की बैठक पर पूरे देश की नजरें हैं। प्रधानमंत्री मोदी बैठक में ऊर्जा, कृषि, उर्वरक, विमानन, जहाजरानी और रसद जैसे विभागों को लेकर कोई निर्देश दे सकते हैं। बैठक में आम जनता के लाभ के लिए सभी क्षेत्रों में सुधार लाने की सरकार की प्राथमिकता पर भी चर्चा होने की संभावना है।

मोदी सरकार 3.0 के मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मंत्रिपरिषद की बैठक हो रही है। जिसमें सभी मंत्री शामिल होंगे।

रायपुर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा सीलिंग का काम करते वक्त ऊंचाई से गिरा मजदूर, हालत गंभीर

रायपुर, 21 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के माना स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आज सुबह एक बड़ा और दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। एयरपोर्ट परिसर के भीतर सीलिंग (छत) की मरम्मत का काम करते समय एक मजदूर अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। ऊंचाई से गिरने के कारण मजदूर को गंभीर चोटें आई हैं।

उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इस घटना के बाद से एयरपोर्ट प्रबंधन और ठेकेदार की घोर लापरवाही को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। लोकल रिपोर्टर से मिली जानकारी के मुताबिक, घायल कर्मचारी के बारे में अभी तक कोई बहुत ज्यादा निजी जानकारी या उसका नाम सामने नहीं आ पाया है। लेकिन इस हादसे ने वीआईपी कहे जाने वाले रायपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षा के तमाम बड़े दावों की सरेआम पोल खोलकर रख दी है। चश्मदीदों के अनुसार, घायल मजदूर बिना किसी 'सेफ्टी बेल्ट' और सुरक्षा उपकरणों के इतनी ऊंचाई पर सीलिंग का खतरनाक काम कर रहा था। काम के दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह सीधे कंक्रीट के फर्श पर आ गिरा।

27 नक्सलियों का आत्मसमर्पण सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

नई दिल्ली, 21 मई (न्यूज चैनल)। झारखंड में नक्सलवाद के खात्मे के लिए चलाए जा रहे अभियान को आज एक ऐतिहासिक सफलता मिली है। राज्य की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा की मौजूदगी में प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े कुल 27 सक्रिय माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े उग्रवादियों ने झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) सहित अन्य इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष हथियार डाल दिए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, विभिन्न मामलों में वांछित 27 माओवादियों ने ऑपरेशन नवजीवन के तहत पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

आत्मसमर्पण करने वाले प्रमुख माओवादियों में गादी मुंडा उर्फ गुलशन, नागेंद्र मुंडा उर्फ प्रभात मुंडा, रेखा मुंडा उर्फ जयंती, सागेन अंगरिया उर्फ डोकोल, सुलेमान हांसदा उर्फ सुनी हांसदा और जेजेएमपी सदस्य सचिन बेक शामिल हैं।

मुख्यधारा में लौटने वाले अन्य लोगों में दर्शन उर्फ बिंज हांसदा, करण तिवु उर्फ डांगुर, बसुमति जेराई उर्फ बसु, बैजनाथ मुंडा, रघु कायम उर्फ गुना, किशोर सिरका उर्फ दुर्गा सिरका और राम दयाल मुंडा शामिल हैं।आत्मसर्पण करने वाली महिला कैडरों में वंदना उर्फ शांति, सुनीता सरदार, सपना उर्फ सरू कालुंडिया और अनिशा कोड़ा उर्फ रानी शामिल हैं।

पति की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाई पत्नी, फांसी लगाकर की आत्महत्या

बिलासपुर, 21 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां पति की करंट से मौत के सदमे में पत्नी ने आत्महत्या कर ली। महिला की लाश उसके घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है। यह घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में रहने वाले रामनारायण केंवट की शादी 4 साल पहले सुनीता बाई केंवट से हुई थी। बीते 17 मई को रामनारायण घर में टुल्लू पंप चालू करने के दौरान करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

पति की मौत के बाद पत्नी सुनीता गहरे सदमे में चली गई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह लगातार गुमसुम रहने लगी थी और किसी से ज्यादा बातचीत भी नहीं कर रही थी। मंगलवार देर रात उसने घर के कमरे में सीलिंग फैन से साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना पचपेड़ी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर भावुक हुए राहुल गांधी बोले- आपका सपना पूरा करने की जिम्मेदारी लूंगा

नई दिल्ली, 21 मई (न्यूज चैनल)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और बचपन की एक निजी तस्वीर के साथ एक हार्दिक संदेश साझा किया। अपने पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि पापा, आपने जिस कुशल, समृद्ध और सशक्त भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी मैं पूरी तरह से निभाऊंगा। आपकी शिक्षाएं, आपके मूल्य और आपकी यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी।

पोस्ट ऐसे समय में आई है जब देश भर में कांग्रेस के नेता राजीव गांधी को उनकी शहादत दिवस पर याद कर रहे थे और राष्ट्रीय राजधानी में उनके स्मारक, वीर भूमि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। आज सुबह कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीर भूमि जाकर राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

कांग्रेस नेता ने पोस्ट में दो तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें से एक तस्वीर राहुल गांधी और राजीव गांधी की बचपन की है, जिसमें पिता-पुत्र के बीच का एक निजी पल झलक रहा है, जो श्रद्धांजलि की भावुकता को दर्शाता है। यह

प्रदेश के कई जिलों में तापमान 43 डिग्री के पार

बिलासपुर रहा सबसे गर्म, अगले 5 दिनों तक हीट वेव का अलर्ट



रायपुर, 21 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में गर्मी लगातार लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि बिलासपुर सबसे गर्म जिला रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान विभाग रायपुर केंद्र के मुताबिक, प्रदेश में अगले 5 दिनों तक गर्म और शुष्क मौसम बने रहने की संभावना है। साथ ही मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में हीट वेव चलने का अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 20 मई को प्रदेश में सबसे अधिक तापमान बिलासपुर में 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मुंगेली में 43.9°C, सक्ती में 43.8°C, बालोद और कबीरधाम में 43.5°C तापमान रिकॉर्ड किया गया। रायपुर में अधिकतम तापमान 43.5°C दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक रहा। वहीं प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन गर्म हवाओं और तेज धूप ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा और अगले कुछ दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग ने मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो इलाकों में हीट वेव चलने की आशंका जताई है। रायपुर शहर के लिए जारी स्थानीय पूर्वानुमान में कहा गया है कि 21 मई को आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 44°C और न्यूनतम तापमान 30°C के आसपास रहने की संभावना है। भीषण गर्मी और लू को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और धूप में निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को अतिरिक्त सतर्क रहने को कहा गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश जरूर दर्ज की गई, लेकिन अधिकांश इलाकों में मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहा।

23 नए मंत्रियों ने ली शपथ, 59 साल बाद कांग्रेस की तमिलनाडु मंत्रिमंडल में वापसी



नई दिल्ली, 21 मई (न्यूज चैनल)। तमिलनाडु में मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार का आज विस्तार हो गया। मुख्यमंत्री विजय ने मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए 23 विधायकों के नामों की सिफारिश की थी। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की इस सिफारिश को स्वीकार किया। जिसके बाद आज 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इस विस्तार की सबसे खास बात कांग्रेस पार्टी की सरकार में वापसी है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के दो विधायकों को भी अपनी मंत्रिमंडल में जगह दी है। 59 साल बाद यह पहला मौका है जब कांग्रेस तमिलनाडु में किसी क्षेत्रीय दल के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा बन रही है। इस नई कैबिनेट में राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है। नए मंत्रियों की सूची में थूथुकुडी से श्रीनाथ, अविनाशी से कमाली एस, कुमारपालयम से सी विजयलक्ष्मी और कांचीपुरम से आरवी रंजीतकुमार को जगह मिली है। इनके साथ ही कुंभकोणम से विनोद, तिरुवदानई से राजीव, कडलूर से बी राजकुमार, अरक्कोनम से वी गांधीराज और ओट्टापिडारम से मथन राजा पी भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। सूची में आगे राजपालयम से जगदेश्वरी के, किल्लियूर से कांग्रेस विधायक राजेश कुमार एस, ईरोड ईस्ट से एम विजय बालाजी, रासीपुरम से लोगेश तमिलसेल्वन डी और सेलम साउथ से विजय तमिलन पार्थिवन ए को भी शामिल किया गया है।